मोटोजीपी: 2025 से अंतरराष्ट्रीय मोटरसाइकिल राइडर उत्तर प्रदेश में भरेंगे फर्राटा

इन्वेस्ट यूपी कराएगा उत्तर प्रदेश में मोटोजीपी का सफल आयोजन

बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट करेगा मोटोजीपी की मेज़बानी

लखनऊ, जुलाई 4, 2024: वैश्विक खेल जगत में भारत की दावेदारी को और मजबूत करते हुए उत्तर प्रदेश ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। प्रदेश की निवेश प्रोत्साहन एजेंसी, इन्वेस्ट यूपी ने आज पूरे विश्व में सफलतापूर्वक मोटोजीपी रेस का आयोजन कराने वाली स्पोर्ट्स कम्पनी डोर्ना स्पोर्ट्स एस.एल. के साथ एक अभूतपूर्व अनुबंध पर हस्ताक्षर किए।

यह अनुबंध उत्तर प्रदेश को वैश्विक खेल पटल पर नई पहचान देगा साथ ही 2025 से प्रतिवर्ष मोटोजीपी रेस की मेजबानी करने का सुनहरा अवसर भी प्रदान करता है। मुख्य सचिव-सह-अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त श्री मनोज कुमार सिंह ने इन्वेस्ट यूपी की ओर से अनुबंध पर हस्ताक्षर किए, जबकि डोर्ना स्पोर्ट्स एस.एल. की ओर से श्री कर्मेलो इज़पेलेता ने अनुबंध पर हस्ताक्षर कर मोटोजीपी की उत्तर प्रदेश में वापसी पर मुहर लगा दी।

इन्वेस्ट यूपी द्वारा समर्थित, यह अनुबंध खेल को बढ़ावा देने तथा पर्याप्त निवेश आकर्षित करने के लिए उत्तर प्रदेश की अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

'मोटोजीपी भारत' कार्यक्रम के सुचारू संचालन के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त की अध्यक्षता में एक **उच्च स्तरीय कार्यकारी समिति** का गठन किया गया है जिसके सदस्य नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी, गौतमबुद्ध नगर के जिलाधिकारी एवं डोर्ना स्पोर्ट्स एस एल के मुख्य खेल अधिकारी इत्यादि होंगे।

इस उच्च स्तरीय कार्यकारी समिति की सहायता के लिए एक **आयोजन समिति** भी बनाई जाएगी। राज्य के औद्योगिक विकास प्राधिकरणों, स्थानीय प्रशासन के प्रतिनिधियों तथा डोर्ना स्पोर्ट्स के मुख्य खेल अधिकारी के साथ-साथ राज्य के कुछ प्रसिद्ध निवेशक भी इसके सदस्य होंगे। इसके अतिरिक्त इस आयोजन के प्रचार प्रसार हेतु इन्वेस्ट यूपी प्रतिस्पर्धी निविदा के माध्यम से एक प्रमोटर का चयन करेगी।

रोमांचक मोटोजीपी रेस उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा स्थित विश्व विख्यात बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में आयोजित की जाएगी, जो शीर्ष स्तरीय मोटरस्पोर्ट खेलों की मेजबानी के लिए प्रसिद्ध है। डोर्ना के साथ रणनीतिक सहयोग के माध्यम से, उत्तर प्रदेश का लक्ष्य प्रत्येक मोटोजीपी कार्यक्रम का निर्बाध रूप से आयोजन कराना है, जिसके फलस्वरूप उत्तर प्रदेश वैश्विक खेल केंद्र के रूप में उभरेगा।

मुख्य सचिव-सह-अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त, श्री मनोज कुमार सिंह ने इस अनुबंध के माध्यम से राज्य की प्रतिष्ठा पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभावों को रेखांकित करते हुए कहा, "मोटोजीपी को उत्तर प्रदेश में लाना न केवल हमारे राज्य को वैश्विक खेल मंच

पर नई पहचान देगा, बल्कि पर्यटन, हॉस्पिटैलिटी तथा संबंधित क्षेत्रों में पर्याप्त आर्थिक विकास को भी प्रेरित करेगा। यह आयोजन दुनिया भर के दर्शकों को आकर्षित करेगा और विश्व स्तरीय खेल आयोजनों की मेजबानी करने में उत्तर प्रदेश की क्षमता को भी उजागर करेगा।"

इस अनुबंध को राज्य के लिए प्राप्त करने में इन्वेस्ट यूपी का बेहद महत्वपूर्ण योगदान है। निवेश प्रोत्साहित करने एवं आर्थिक गतिविधियों को बढ़ाने की जिम्मेदारी को संभालते हुए, इन्वेस्ट यूपी का लक्ष्य उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करना तथा नागरिकों हेतु असंख्य रोजगार के अवसर पैदा करना है। प्रति वर्ष मोटोजीपी का आयोजन कराना राज्य के लिए गौरव की बात है तथा इससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश के मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर एवं संगठनात्मक कौशल की ब्रांडिंग करने का भी अवसर प्राप्त होगा।

वर्ष 1988 में स्थापित, डोर्ना स्पोर्ट्स मोटरसाइकिल रेसिंग चैंपियनशिप मोटोजीपी हेतु विशेष वाणिज्यिक एवं टीवी अधिकार धारक है। मैड्रिड, स्पेन में स्थित, बार्सिलोना से संचालित यह समूह खेल प्रबंधन, विपणन और मीडिया में अग्रणी है। इस समूह की एक शाखा रोम में भी है।

वैश्विक स्तर पर मोटोजीपी रेस आयोजित करने में डोर्ना स्पोर्ट्स का व्यापक अनुभव इसके सफल आयोजन की गारंटी है। उत्तर प्रदेश सरकार तथा डोर्ना स्पोर्ट्स के बीच यह अभूतपूर्व अनुबंध आर्थिक एवं खेल संस्कृति के विकास को बढ़ावा देने में राज्य सरकार के सक्रिय प्रयासों को दर्शाता है।

मोटोजीपी की मेजबानी के लिए उत्तर प्रदेश सरकार की अटूट प्रतिबद्धता ही राज्य को अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों तथा निवेशकों के लिए पसंदीदा गंतव्य के रूप में स्थापित करती है। इस दूरदर्शी पहल से प्रदेश की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी तथा यह उत्तर प्रदेश की वैश्विक प्रतिष्ठा भी बढ़ेगी।